हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 24 नवंबर 2025

06 सिया–राम रथ पर सवार होकर पहुंचे माता पूजन में



07 एसआईआर सर्वे को लेकर बीएलओ नहीं गंभीर, वार्ड ...





## खबर संक्षेप

### बॉर्डर विजिट के लिए मनीषा लोधी का चयन



**विदिशा।** मध्यप्रदेश शासन की योजना मां तुझे प्रणाम में अंतरराष्ट्रीय सीमा भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर विजिट करने के लिए विदिशा की मनीषा लोधी का चयन एनसीसी सी सर्टिफिकेट के आधार पर किया गया है। मनीषा स्कूल समय से ही एनसीसी कैडेट रही है। जिन्होंने पहले स्कूल में ही ए प्रमाण पत्र फिर शा कन्या महाविद्यालय में बी और सी प्रमाण पत्र 14 एमपी बटालियन में अंडर में हासिल किया। कई एन सीसी के कैंप में सहभागिता की। इस योजना में चयनित छात्राओं को तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में ट्रैक शूट किट बेग प्रदान करने पश्चात भोपाल रेलवे स्टेशन से राजस्थान के लिए के लिए रवाना किया।

### पुण्यतिथि पर भोजन कराया, गर्म कपड़े बांटे



**विदिशा।** जैन समाज के स्व. कुंदन लाल मानोरिया द्वारा स्थापित कुसुम कुंदन लाल मानोरिया पारमार्थिक ट्रस्ट की प्रथम पुण्यतिथि पर नगर के हरि वृद्ध आश्रम में भोजन वितरण तथा सर्दी को ध्यान में रखते हुए ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मानोरिया परिवार के सदस्य, डॉ. राहुल जैन (वैलनेस), डॉ. रितेश जैन, कैलाश जैन, ट्रस्टी तथा जैन सोशल ग्रुप शीतल की अध्यक्षा मीनाक्षी जैन सहित सदस्यों ने सहभागिता की। ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश मानोरिया ने कहा कि स्व. कुंदन लाल मानोरिया की भावनाओं के अनुरूप निरंतर सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### भारत पाक सीमा का भ्रमण कर लौटी राधा




**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज एनएसएस स्वयंसेविका राधा कुशवाह ने मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिष्ठित योजना 'मां तुझे प्रणाम' के अंतर्गत राजस्थान के जैसलमेर जिले स्थित लॉन्गेवाला, तनोट माता मंदिर और भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा का भ्रमण पूरा कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। 18 से 22 नवंबर तक चले इस अध्ययन भ्रमण में उन्होंने लॉन्गेवाला पोस्ट पर BSF के वीर जवानों से मुलाकात कर उनकी कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन को करीब से जाना। आधुनिक सुरक्षा तकनीक, निगरानी व्यवस्था और सीमा प्रबंधन की कार्यप्रणाली को समझते हुए राधा ने अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभव प्राप्त किए।

### धीमा पड़ा चरनोई की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान

# 20 से बढ़ाकर 40 रु. की अनुदान राशि चरनोई की जमीन पर अब भी है कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा

जिले में 28 हजार 873 हेक्टेयर जमीन चरनोई भूमि है। जिस पर राजनीतिक रसूखदारों या दबंगों का कब्जा है।

हालांकि कुछ भूमि का प्रशासन द्वारा मुक्त कराकर गौशालाओं को दी गई है। जिससे पशुओं को चारा उपलब्ध हो सके। चरनोई की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए शासन द्वारा बड़े स्तर पर अभियान चलाया गया था। जिससे कुछ जमीनें कब्जे से मुक्त होकर पंचायतों के अधीन हो गई हैं। जहां पर गोशाला में रहने वाली गायों के लिए हरे चारे की व्यवस्था कराने का प्रशासन का दावा है। लेकिन अभी भी कई हेक्टेयर जमीन ऐसी है जिन पर सालों से रसूखदार कब्जा जमाए बैठे हैं।

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के निर्देश हैं कि चरनोई भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। अब मुख्यमंत्री मोहन यादव गौपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं लेकर आए हैं। पशु पालन पर प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है, लेकिन पशु रखने वाले किसान अपने पशुओं को कहां चराएंगे इसकी चिंता भी सरकार को करना चाहिए। चरनोई की अधिकतर भूमि पर सत्ता में बैठे नेताओं का ही कब्जा बताया जा रहा है। जिलेभर में कुल 7 लाख 30 हजार 197 हेक्टेयर जमीन है। जिसमें से 28 हजार 651 हेक्टेयर जमीन चारागाह के लिए है। चरनोई भूमि पर कब्जा होने के कारण गायें सड़कों पर बैठ रहीं हैं या कचरा घरों में पन्नी खाती नजर आ रही हैं। जबकि सरकार गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए तरह तरह की योजनाएं चलाने का दावा कर रही है।



विदिशा। ट्रेंचिंग ग्राउंड में भारी संख्या में गायें कचरा और पन्नी खा रहीं हैं।

#### यह हैं योजनाएं

गो पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार मुख्यमंत्री स्वदेशी गो –संवर्धन योजना, आचार्य विद्यासागर गो संवर्धन योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, गोवत्सपालन प्रोत्साहन योजना चला रही है। अब 25 गाय या भेंस पालने वाले पशु पालकों को 10 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा की गई है। जबकि इसमें खर्च 40 लाख रुपए होना बताया गया है।

#### एक गाय के लिए 40 रुपए का दाना-चारा

सरकार के स्तर पर खोली गई गो शालाओं के संचालन का जिम्मा पंचायतों को सौंपा गया है। इसके लिए पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गायों के दाना-चारे के लिए 40 रुपए प्रति मवेशी प्रतिदिन का खर्च स्वीकृत है। जिलेभर की गोशालाओं में वर्तमान में 21500 पशु रखे गए हैं।

#### जिलेभर में कहां कितनी है चरनोई की भूमि

| स्थान | चरनोई जमीन | कुल क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| विदिशा ग्रामीण | 2074 | 89979 |
| विदिशा शहर | 439 | 16573 |
| कुरवाई | 2080 | 60060 |
| पठारी | 1318 | 23084 |
| सिरोंज | 5656 | 125454 |
| बासौदा | 3627 | 749726 |
| त्योंदा | 2313 | 42596 |
| ग्यारसपुर | 855 | 51130 |
| गुलाबगंज | 811 | 36056 |
| नटेरन | 2828 | 47621 |
| शमशाबाद | 2635 | 59078 |
| **कुल हेक्टेयर** | **28873** | **730197** |

#### जिले में 137 गौ-शालाएं संचालित

जिले में 137 शासकीय गौशालाएं संचालित हैं। इसके अलावा कई निजी 18 अशासकीय गौशालाएं संचालित हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता इन गौशालाओं को हाईटेक बनाने के लिए लगातार भ्रमण कर रहे हैं और गौशालों में सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जा रहे हैं। कई स्थानों पर चरनोई की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कर पंचायतों को भी सौंपा है। नगरपालिका क्षेत्र के सभी 39 वार्डों में 2 हजार की संख्या में मवेशी सड़कों पर घूमते हैं। ट्रिचिंग ग्राउंड पर भारी संख्या में मवेशी दिनभर कचरा और पन्नियां खा रहे हैं। जिसमें से कुछ आसपास के ग्रामीणों के हैं।

#### हो चुका भुगतान

गोशालों को प्रति गाय 40 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से की राशि दी जाती है। सितंबर माह तक का गोशालाओं का भुगतान हो चुका है। गोशाला संचालकों को प्रतिदिन रिपोर्ट देनी होती है। जिसके आधार पर गोशालाओं को राशि दी जाती है।
**डॉक्टर एन के शुक्ला,** उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग

# नीमताल चौराहे पर धरने पर बैठे पार्षद को मनाने के प्रयास हो रहे विफल




विदिशा। नीमताल पर 12 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं भाजपा के पार्षद।

**एक दिन पहले पार्षदों ने ज्ञापन देकर शहर विकास की अपनी मांग फिर दोहराई थी।**

- नेता मनाने का प्रयास कर रहे, लेकिन पार्षद नहीं है तैयार।

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा

नीमताल चौराहे पर धरने पर बैठे हुए पार्षदों का धरना रविवार को 12वें दिन भी जारी रहा। शहर के नेता और जनप्रतिनिधि पार्षदों के धरने को समाप्त नहीं करा सके हैं। एक दिन पहले शनिवार को पार्षदों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था।

विधायक मुकेश टंडन और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा की पार्षदों से चर्चा के बाद भी कोई हल न निकलने के बाद उन्होंने पार्षदों से दोबारा मिलने का प्रयास नहीं किया है। हालांकि पार्षदों के पास यहां वहां से फोन जरूर आ रहे हैं और धरना खत्म करने को लेकर चर्चा की जा रही है। लेकिन वरिष्ठ नेताओं से लेकर स्थानीय नेताओं की मध्यस्थता संभव नहीं हो सकी है।

इधर पार्षदों ने बताया कि अब वह धरना प्रदर्शन के साथ शहरवासियों को जोड़ने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि धरने के तीसरे दिन विधायक और नपाध्यक्ष से चर्चा हुई। अगले दिन पार्षदों द्वारा पुतला जलाया गया था और शनिवार को पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौप चुका है। इसके बाद से ही धरना स्थल पर कोई गतिविधि दिखाई नहीं दे रही है। ज्ञापन कलेक्टर नगरीय निकाय से जुड़े जिम्मेदारों को संबोधित था। रविवार को धरने पर पार्षद धर्मेंद्र सक्सेना, जमना कुशवाह, अशोक जाट, राजेश लोधी, सतीष यादव, दीपक कुशवाह, डॉक्टर संतोष जैन आदि बैठे रहे।

## साप्ताहिक स्वच्छता अभियानः जयस्तंभ बजरिया में समाजसेवियों संग विधायक टंडन ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा



रविवार को बड़ी बजरिया स्थित जयस्तंभ चौराहे पर समाजसेवियों के साथ विधायक मुकेश टंडन ने श्रमदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुआ।

श्रमदान के दौरान पार्क क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने उद्यान के विकास और बेहतर व्यवस्था हेतु विधायक को सुझाव दिए, जिन पर विधायक टंडन ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर को दिए। यह साप्ताहिक स्वच्छता श्रमदान अभियान प्रति रविवार सुबह 8 से 9 बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें समाजसेवी संगठनों की विशेष उपस्थिति रहती है। कार्यक्रम का समापन भी राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। श्रमदान के पश्चात विधायक मुकेश टंडन वार्ड क्रमांक 14 पहुंचे। जहां उन्होंने घर-घर जाकर नागरिकों को निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत फॉर्म सही तरीके से भरने और समय पर बीएलओ को जमा करने की अपील की।

## 3 दिवसीय 'जननायक' महोत्सव का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरवाई

कुरवाई में गोंड साम्राज्य के महानायक नायकों पर आधारित तीन दिवसीय 'जननायक' सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज़ बेहद भव्य और उत्साहपूर्ण तरीके से हुआ। बस स्टैंड परिसर में आयोजित इस महोत्सव के प्रथम दिवस पर रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नृत्य-नाट्य मंचन ने उपस्थित हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कलाकारों की सजीव प्रस्तुतियों ने रानी दुर्गावती के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को जीवंत रूप में सामने रखा, जिस पर दर्शकों ने जोरदार तालियों से उत्साह प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने कहा कि रानी दुर्गावती और गौंड साम्राज्य के पराक्रमी नायक आज भी समाज को साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने जनजातीय गौरवशाली इतिहास के संरक्षण को सामूहिक दायित्व बताया। महोत्सव में एसडीएम मनीष जैन, जनपद पंचायत सीईओ आयुष अग्रवाल, तहसीलदार नागेश पवार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

'जननायक' महोत्सव के तहत 23 नवंबर को राजा हीरालाल सिंह तथा 24 नवंबर को राजा पोमेलशाह पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन को लेकर नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और प्रतिदिन बड़ी उपस्थिति की संभावना है।

# सांसद खेल महोत्सवः केंद्रीय कृषि मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, विजेताओं को मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏩ ग्यारसपुर



अटारीखेजड़ा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा खेल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाना और युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में खेलों का माहौल बने, युवा खेलों के प्रति जागरूक हों और अपने क्षेत्र तथा प्रदेश का नाम रोशन करें, इसी सोच के साथ यह पहल की गई है। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने यह भी घोषणा की कि प्रत्येक वर्ष सांसद खेल महोत्सव का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा।

जिससे लगातार नई प्रतिभाओं को प्लेटफार्म मिलेगा। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, राकेश सिंह जादौन, श्यामसुंदर शर्मा, राकेश कटारे, मंडल अध्यक्ष प्रतीक कंग, जनपद अध्यक्ष रजनी बृजेश लोधी, सरपच विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, सचिव रोजगार सहायक,शिक्षक, बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन




**त्योंदा।** गत दिवस भारतीय किसान संघ ने विद्युत मंडल के सुपरवाइजर को सहायक प्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय किसान संघ ने कहा है कि क्षेत्र के अमारी फीडर की सप्लाई दिन में 6 घंटे एवं रात को 4 घंटे दी जाती है। जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की है कि फीडर की सप्लाई दिन के समय 10 घंटे दी जाए।

### केवल लाइन में लगी आग



**गंजबासौदा।** सुबह के समय मील रोड पर संत रविदास मंदिर के पास मुख्य सड़क पर विद्युत सप्लाई केवल लाइन में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। केवल लाइन से धुंआ उठते देख रहवासियों ने सूचना विद्युत वितरण कंपनी को दी। सूचना मिलने के विद्युत कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। इस दौरान उक्त क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बंद रहा।

### सर्दी के चलते स्कूलों के समय में परिवर्तन

**गंजबासौदा।** बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सुबह की पाली में लगने वाले सभी स्कूलों का समय बदलकर 8:30 बजे कर दिया है। यह आदेश शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और विशेष अनुदान प्राप्त सभी विद्यालयों पर लागू होगा। नवंबर के मध्य से ही जिले में सर्दी का असर बढ़ गया था। सुबह 7:30 बजे स्कूल पहुंचने के लिए छोटे बच्चों को कड़ाके की ठंड में घर से निकलना पड़ता था। जिससे उन्हें सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। पेरेंट्स लगातार स्कूल का समय बदलने की मांग कर रहे थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्यों को निर्देश दिया है कि वे सुबह के सत्र में संचालित होने वाले स्कूलों का समय 8:30 बजे से करें। यह बदलाव स्कूलों के समय 8:30 बजे से करें। यह बदलाव खासतौर पर छोटे बच्चों को ठंड से राहत देने के लिए किया गया है। बीईओ परता अहिरवार ने बताया कि समय परिवर्तन का आदेश प्राप्त हो गया है। इसके बाद विकासखंड के सभी सुबह की पाली वाले स्कूल अब 8:30 बजे से खुलेंगे, जिससे बच्चों को सर्दी में होने वाली परेशानी से बचाया जा सकेगा। उक्त आदेश से पालकों ने राहत की सांस ली है।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोड शो के बाद की सभा

# नपा क्षेत्र की होगी सीमा वृद्धि, बनेगा नर्सिंग कॉलेज, त्योंदा को भी मिलेगा सरकारी कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवनिर्मित 150 बिस्तरों के अस्पताल भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर एवं क्षेत्र विकास के लिए विधायक और नपाध्यक्ष के पत्रों में उल्लेखित मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी उनमें से अधिकांश मांगों की पूर्ति करने की मंच से ही घोषणा कर दी। इनमें प्रमुख रूप से नपा का सीमा वृद्धि प्रस्ताव, नगर में नर्सिंग एवं पैरामेडीकल कॉलेज, त्योंदा में कॉलेज, ग्यारसपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने, चौरावर और पिपरिया में सिंचाई योजना, नवीन अस्पताल का नाम बाबा जगन्नाथ दास के नाम पर करने, नगर पालिका के सभी विकास कार्यों के लिए राशि आवंटित करने, पारासरी बेतवा लिंक योजना के सर्वे कार्य, गंजबासौदा का नाम वासुदेव नगर करने की स्वीकृति शामिल है।

यहां उल्लेखनीय है कि रविवार को नगर में करीब 150 करोड रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों के लोकार्पण, भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रभारी मंत्री लखन पटेल का नगरागमन हुआ था। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री हैलीकॉप्टर द्वारा नवीन कृषि उपज मंडी परिसर स्थित हैलीपेड पहुंचे। जहां से रोड शो करते हुए वे कार्यक्रम स्थल एसजीएस कॉलेज परिसर पहुंचे। इस बीच रास्ते में भाजपा कार्यकर्ताओं, संगठनों, संस्थाओं और क्षेत्र की जनता ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया।








कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने दोनों नेताओं और प्रभारी मंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में चिर परिचित अंदाज में कहा कि यह मेरी कर्मभूमि भी है और यहां मैने अनशन आंदोलन भी किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में यहां सडक, बिजली, सिंचाई की सुविधा नहीं थी, लेकिन भाजपा की सरकार आते ही सडकों का जाल बिछा, घर घर पूरे समय बिजली पहुंचाई गई, दर्जनों परियोजनाओं से सिंचाई सुविधा बढाई गई। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं कर्तव्यनिष्ठ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। प्रधानमंत्री ने मुझे



भी कृषि और किसानों के विकास का कार्य सौंपा है। यहां के किसान मेहनती हैं और सही रोडमैप बन जाए तो यहां के किसान हरियाणा पंजाब के किसानों को पीछे छोड सकते हैं। किसानों को फायदे की खेती के लिए खेती के साथ दूसरे धंधे भी करना होंगे। इसलिए क्षेत्र में कृषि यंत्रीकरण के लिए सरकार योजना तैयार कर रही है। साथ ही कई सिंचाई योजनाओं का लाभ भी केन्द्र सरकार प्रदेश सरकार के सहयोग से उपलब्ध कराएगी।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने क्षेत्र की प्रमुख मांगें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। जिनमें ग्राम चौरावर और पिपरिया में सिंचाई योजना, वाटर शेड योजना के तहत बेतवा नदी का सतत प्रवाह बनाए रखने



की योजना, बेतवा पारासरी लिंक योजना का सर्वे कराने, पत्थर खदानों को व्यवस्थित उद्योग बनाने के लिए चिन्हांकन कर वैद्य दर्जा देने, बासौदा में नर्सिंग एवं पैरामैडीकल कॉलेज खोलने, ग्यारसपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने, त्योंदा में सरकारी कॉलेज खोलने, नपा सीमा वृद्धि प्रस्ताव की स्वीकृति, नपा के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए राशि आवंटन, उदयपुर मंदिर क्षेत्र का महाकाल लोक की तरह विकास करने, नवीन अस्पताल का नाम संत जगन्नाथ दास के नाम पर करने, नगर का नाम वासुदेव नगर करने, कामाख्या, तुलसी एक्सप्रेस का स्टापेज कराने, नगर में धर्मकांटा से बेतोली फाटक तक मुख्य मार्ग पर डामरीकरण कराने , एसजीएस कॉलेज परिसर में स्टेडियम बनवाने की मांगें रखीं। उन्होंने लाडली बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हर दीदी लखपति दीदी बनेगी यह वादा है। अच्छा काम करने वाले स्व सहायता समूहों को उद्योग स्थापित करने सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री की मंशानुसार अब नगर एवं गांवों में कच्चे घर वालों को पक्का घर बनाने राशि दी जाएगी, प्रधानमंत्री सडक योजना के चौथे चरण में सभी गांवों तक सडकें बनाई जाएंगीं, मनरेगा में 65 प्रतिशत राशि का उपयोग खेत तालाब, बलराम तालाब, जल संरक्षण पर खर्च किया जाएगा। अंत में उन्होंने नगर में नशे के बढते कारोबार पर चिंता जाहिर की और नगर के समाजसेवियों, नागरिकों से अपील की कि वे अपने बच्चों और आने वाली पीढी को बचाने के लिए नशे के खिलाफ अभियान चलाएं और गडबडी करने वालों की पहचान करें ताकि सख्त कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री की अपील भी दोहराई कि लोग दैनिक जरूरतों के लिए विदेशी कंपनियों की नहीं बल्कि स्वदेशी कंपनी की वस्तुओं का उपयोग करें और अपने देश की ही चीजें अपनाएं। इससे देश की अर्थव्यवस्था का स्तर सुधारने में सहयोग होगा। उन्होंने एसआईआर सर्वे में सभी से अपना फार्म भरने और कोई भी वैद्य मतदाता छूट न जाए इसका ध्यान रखने की अपील भी की।

पूर्व मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री के संबोधन के बाद मंच पर आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से 32.42 करोड के नवीन अस्पताल भवन का लोकार्पण, 64.29 करोड रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 85.84 करोड रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जो भी मांगा गया है वो सब दिल खोलकर दिया जाएगा। उन्होंने नगर का नाम वासुदेव नगर करने पर विधायक से प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा, पारासरी बेतवा लिंक योजना के सर्वे की स्वीकृति, नपा के सीमा वृद्धि प्रस्ताव को स्वीकृत करने, नपा के सभी विकास कार्यों की स्वीकृति, चौरावर और पिपरिया सिंचाई योजना, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, त्योंदा में कॉलेज खोलने, ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाने, नर्सिंग एवं पैरामेडीकल कॉलेज खोलने, नगर के मुख्य मार्ग पर डामरीकरण कराने, नवीन अस्पताल का नाम बाबा जगन्नाथ दास के नाम पर करने की घोषणा की। साथ ही वादा किया कि जो भी मांगें शेष रह गई हैं, उनकी पूर्ति अगली बार यहां आने पर कर दी जाएगी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नारी सशक्तिकरण अभियान में हर बहन को स्वरोजगार के लिए 5 हजार रूपए महीना दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का भगवान का नाम लेने, भावांतर योजना पर पेट दुखता है। इस मौके पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जन समुदाय का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विदिशा, शमशाबाद, सिरोंज और कुरवाई विधायक, जनपद अध्यक्ष और अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दो घंटे श्रमदान कर सदस्यों ने नदी व घाट से छह बोरी छोटे-छोटे प्लास्टिक के टुकड़े एकत्रित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत रविवार को सातवां चरण सम्पन्न हुआ। श्रमदान दल के सदस्यों ने लगभग दो घंटे तक लगातार श्रमदान कर नदी जल एवं घाट क्षेत्र से छह बोरी माइक्रो प्लास्टिक एवं अन्य कचरा एकत्रित किया। श्रमदान के दौरान दल के सदस्यों ने जब घाट किनारे जमी गंदगी को हटाना शुरू किया, तो वहाँ से घरेलू कचरे की बड़ी मात्रा मिली, जिसमें खास तौर पर शादी के कार्ड, स्टेशनरी सामग्री, मेडिसिन के रैपर व शिरप, विभिन्न प्रकार की सर्जिकल/ मेडिकल सामग्री जैसी वस्तुएँ शामिल थीं। यह देखकर हर किसी को एक बार अवश्य विचार करने की आवश्यकता है कि आख़िर इन सामग्रियों को नदी के घाट पर फेंकने का क्या औचित्य है? नदियों के घाट, जहाँ लोग श्रद्धा, शांति और पवित्रता की कामना से आते हैं, वहाँ इस प्रकार का कचरा फेंका जाना न केवल नदी के साथ



जलीय जीवों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि हमारी सामूहिक सोच और जिम्मेदारी पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। घरेलू कूड़े-कचरे, मेडिकल और सर्जिकल सामग्री को नदी किनारे फेंकना न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से गलत है, बल्कि यह जल प्रदूषण को बढ़ावा देता है,नदी की जैव विविधता को नुकसान पहुँचाता है। जलीय जीव-जंतु और मछलियाँ प्लास्टिक, रसायन और मेडिकल कचरे के कारण मरने लगते हैं, जिससे पूरी जैव श्रृंखला (फूड चेन) प्रभावित होती है। धीरे-धीरे यही प्रदूषित पानी मानव शरीर में पहुंचकर पेट संबंधी बीमारियाँ, त्वचा रोग, और कई बार गंभीर संक्रमण तक पैदा करती है। इस अवसर पर श्रमदान दल के सदस्यों ने नागरिकों से अपील करते हुए बताया कि यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या हम केवल नदियों को साफ रखने का काम श्रमदान दल पर छोड़ देंगे या अपनी आदतें बदलकर नदी को गंदा ही न होने देने का संकल्प लेंगे? क्यों कि नदी हम सबकी साझा धरोहर है। यदि हमने सचमुच नदी को पूज्य माना हैं, तो हमें यह तय करना होगा कि रोजमर्रा की सामग्री, स्टेशनरी, मेडिकल कचरा या अन्य घरेलू कचरा अब से नदी किनारे नहीं फेंके, बल्कि उन्हें नगर पालिका की कचरा गाड़ियों में या निर्धारित स्थानों पर ही डालें और जो भी व्यक्ति इस तरह से नदी को प्रदूषित करता दिखे, उसे सौम्य लेकिन दृढ़ता से रोकने की सामाजिक पहल की भी हम सबको शुरुआत करनी होगी। तभी नदियां स्वच्छ रह सकती है। बता दे कि सातवें चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में नितिन अग्रवाल, दीपेश शर्मा, नीरज साहू, शरद रैकवार, ज्ञानव एवं आकाश जैन ने सहभागिता निभाई।

### नपा ने की साफ सफाई



**गंजबासौदा।** वर्तमान नगर पालिका परिषद में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश पर किसी भी समारोह, शोभायात्रा, बडे आयोजन के तुरंत बाद सडकों पर फैले कचरे की साफ सफाई कराई जाती है। जिससे कार्यक्रम के तुरंत बाद नगर फिर से स्वच्छ नजर आने लगता है। रविवार को भी मुख्यमंत्री और केन्द्रीय कृषि मंत्री के रोड शो के दौरान मुख्य मार्ग पर फूलों एवं अन्य सामग्री के ढेर लग गए थे। कार्यक्रम समापन के बाद नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव और सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के निर्देश और सीएमओ के मार्गदर्शन एवं स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा के नेतृत्व में सफाई अमले ने सडकों पर फैले कचरे की सफाई की। जिससे सडक फिर से स्वच्छ नजर आने लगी।

### निवोदिया में विशिष्ट स्वास्थ्य शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम निवोदिया में विशिष्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन यश मिश्रा द्वारा शनिवार को संस्थान और SBI फाउंडेशन के अंतर्गत संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स के माध्यम से किया गया। जिसमें 200 मरीजों ने निः शुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। शिविर में सामान्य ओपीडी, वीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, बुखार, सर्दी, खांसी की जांच की गई साथ ही सेवासदन आई हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ हरिप्रसाद सेन ने मरीजों की निःशुल्क आंखों की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि शिविर में मुख्य रूप से 10 मरीज के आंखों के ऑपरेशन का पता चला।

इन सभी मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा नागरिक सेवा समिति बासौदा के द्वारा निःशुल्क आंखों के ऑपरेशन बैरागढ़ में रैफर करने को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में एक संस्थान से डॉ. सचिन अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक बुलबुल मौर्य, संदीप गंदवाने, प्रिया वंशकार, संजू दांगी, सिमरन विश्वकर्मा, सलोनी चौकसे, राहुल नामदेव और प्रदुम्न पंथी, यश मिश्रा सहित सेवा सदन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### डीजे-बैंड पर थिरके श्रद्धालु, नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# सिया–राम रथ पर सवार होकर पहुंचे माता पूजन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री सीताराम विवाह महोत्सव के अंतर्गत रविवार को आयोजित माता पूजन की रस्म ने पूरे नगर को उत्सवमय बना दिया। गांधी चौक स्थित श्री राम जानकी मंदिर से बैंड, डीजे और धर्मध्वजा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें एक ही रथ पर सवार होकर सियाजी और राम जी माता पूजन के लिए शीतला माता मंदिर पहुंचे।

शोभायात्रा के साथ भगवान कनकबिहारी और कनक बिहारिणीजू की आलोकित नैयनाभिराम श्रृंगारित प्रतिमाएं सिया–राम के रूप में विराजमान थीं। रथ के आगे दो घुड़सवारों की अगुवाई और पीछे जयकारों की गूंज ने माहौल दिव्य कर दिया। शोभायात्रा जैसे ही शीतला माता मंदिर पहुंची, परिसर 'सियाराम' के जयघोषों से गूंज उठा। पहली बार



किसी माता पूजन में लाल साड़ी, श्रृंगार और सौभाग्य के आभूषणों से अलंकृत महिलाओं की इतनी बड़ी संख्या में मौजूदगी देखने मिली। पुरुष वर्ग ने पगड़ी बांधे, डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए पूरे मार्ग को उत्सव स्थल बना दिया। शीतला माता मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या इतनी बढ़ गई कि कई बार यातायात थम गया। पुलिस बल को स्वयं व्यवस्था संभालनी पड़ी। सामान्य दिनों में जहां माता पूजन के लिए केवल परिवारजन पहुंचते हैं, वहीं इस बार माता पूजन में श्रद्धा और आस्था भक्ति की अपार भीड़ थी। महिलाओं, युवतियों और पुरुषों की उमंग ने माता पूजन की रस्म को ऐतिहासिक बना दिया। शोभायात्रा शीतला माता से होकर हनुमान चौक, सावरकर चौक, जवाहर रोड, सिरोंज चौराहा होकर धूसरपुरा धर्मशाला पहुंची जहां श्रद्धालुओं को बैठाकर प्रसादी ग्रहण कराई गई। जगह-जगह नागरिकों ने फूल बरसाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया और भगवान सियाराम जी की आरती उतारी।

विवाह महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार शाम सात बजे गांधी चौक पर आयोजित भजन संध्या में जीटीवी सारेगामा के रनरअप शरद शर्मा सहित स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। लगातार एक हफ्ते से विवाह की रस्में उत्सव रूप में संपन्न हो रही हैं। भजन संध्या संध्या में राम विवाह की बधाई सहित कई भजनों की प्रस्तुति ने आयोजन को और भी दिव्य बना दिया। चक्रवर्ती भगवान श्रीराम के विवाह महोत्सव ने पूरे नगर में आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत वातावरण निर्मित कर दिया है। श्री रामरस धारा परिवार के संस्थापक पंडित अंकुर माधव महाराज ने बताया कि विवाह पंचमी पर 25 नवंबर को नगर में चक्रवर्ती भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली जाएगी जो कि दोपहर 12 बजे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक पहुंचेगी। उन्होंने सनातन प्रेमियों से भगवान राजाराम जी की बारात में शामिल होकर दिव्य उत्सव का हिस्सा बनने की अपील की।

### मार्गों पर लग रहा है जाम

**गंजबासौदा।** इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है और नगर के मार्गों पर भीड भी अधिक है। ऐसे में वाहन चालक अपने वाहन सडक किनारे ही खडे कर जाते हैं, जिससे अन्य वाहनों को निकलने में असुविधा होती है और जाम लग जाता है। यातायात पुलिस से अव्यवस्थित वाहन खडे करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### ब्रह्मचारी किरण दीदी की मंगल अगवानी दो दिवसीय महा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**गंजबासौदा।** तारण तरण जैन सिद्धांतो की विद्वान किरण दीदी का मंगल आगमन नगर में हुआ। तारण समाज के सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा उनकी मंगल अगवानी की गई। शांति मंडल एवं सेवा दल के दिव्य घोष की ध्वनि के बीच साथ चल रहे लोग जयकारा लगाकर अपना हर्ष व्यक्त कर रहे थे। जुलूस के रूप में श्रद्धेय दीदी को मोरछली चैत्यालय लाया गया। उल्लेखनीय है कि आगामी 26 एवं 27 नवंबर को आचार्य श्री तारण तरण स्वामी का जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाना है। तारण समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय मंगल कार्यक्रम श्री तारण तरण दिगंबर जैन बीच के चैत्यालय में सम्पन्न होंगे। जिसमें देश भर से विद्वान त्यागी वृति व समाज जन शामिल होंगे। वहीं 24 नवंबर से 2 दिसंबर तक बीच के चेत्यालय जी में प्रतिदिन प्रातः 9 से 10 बजे तक एवं रात्रि में 8 से 9 तक ब्रह्मचारी किरण दीदी के प्रवचन होंगे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से



प्रवचन श्रमण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### अनियंत्रित कार बैंक जनरेटर से टकराई



**गंजबासौदा।** नगर के बरेठ रोड पर शनिवार की रात बरेठ रोड पर करीब 11:30 बजे एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर रखें बैंक के जनरेटर से सीधी टक्कर मारते हुए जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जनरेटर को खींचते हुए लगभग 20 फीट दूर ले गई जिससे दो शटर में नुकसान हो गया।

### मामले को एसडीएम ने लिया गंभीरता से, सामाजिक संगठन भी सक्रिय

# एसआईआर सर्वे को लेकर बीएलओ नहीं गंभीर, वार्ड नंबर 14 में बीएलओ नदारद





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

लोकतंत्र की रीठ को मज़बूत बनाने के लिए एस.आई.आर. का कार्य पूरे देष तेज़ी से चल रहा है । प्रषासन भी इसको लेकर गंभीर है । सिरोंज एस.डी.एम. हरिषंकर विष्वकर्मा भी समय-समय पर एस.आई.आर. के मतदान केन्द्रो पर परीक्षण करने पहुॅच रहे है । लेकिन सिरोंज शहर में कई वार्डो की स्थिति काफी नाज़ुक है जहाॅ बी.एल.ओ. द्वारा इस कार्य को गंभीरता से नहीं लिया गया । जब बी.एल.ओ. गंभीर नहीं है तो वार्ड की जनता गंभीर कहाॅ से हो पाएगी । ऐसा ही एक मामला सिरोंज शहर के वार्ड नं. 14 का है वार्ड में बी.एल.ओ. द्वारा एस.आई.आर के फार्म स्वयं बी.एल.ओ. घर-घर देने नहीं पहुॅचे लेकिन किसी अन्य के हाथों से फार्म भिजवाऐं । अब ऐसी स्थिति में वार्ड के रहवासीयों को जानकारी ही नहीं है कि फार्म कहाॅ जमा होगा, उस फार्म में क्या-क्या जानकारी भरना है, फार्म भरने की अंतिम तिथि क्या है । ऐसे कई वार्ड शहर में है जहाॅ पर बी.एल.ओ. द्वारा लापरवाही बढ़ती जा रही है । इस गंभीर मामले को बी.एल.ओ. द्वारा हवा में उड़ा दिया जा रहा है इसकी षिकायत एस.डी.एम. श्री हरिषंकर विष्वकर्मा को की गई तो उन्होनें इस षिकायत को बहुत गंभीरता से लिया।

### कलेक्टर व एसडीएम से की पुनर्गणना प्रक्रिया को सही ढंग से कराने की मांग

नगर के वार्ड क्रमांक 14 में मतदाता सूची पुनर्गणना का कार्य बेहद लापरवाही से किया जा रहा है। वार्ड के नागरिकों ने बताया कि अब तक किसी भी बीएलओ (ठस्०) ने घर-घर संपर्क नहीं किया है। कई घरों में बिना जानकारी दिए सिर्फ फॉर्म डाल दिए गए, जिनमें न तो भरने की विधि बताई गई और न ही यह बताया गया कि एपिक नंबर कहां से प्राप्त होगा या किन दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ेगी। मतदाताओं का कहना है कि पूरे मध्य प्रदेश में मतदाता सूची पुनर्गणना का कार्य पारदर्शिता के साथ चल रहा है, लेकिन सिरोंज क्षेत्र में कई बीएलओ अत्यधिक लापरवाही वरत रहें हैं । जानकारी के अनुसार प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में कई बीएलओ आत्मदाह जैसे कदम भी उठा चुके हैं, वहीं कुछ लगातार तनाव में हैं लेकिन सिरोंज के बी एल ओ इतने महत्वपूर्ण कार्य में भी गंभीर लापरवाही व्रत रहे हैं ।

स्थानीय मतदाता वरिष्ठ पत्रकार मुस्तकीम खॉन ने कहा कि मतदाता सूची पुनर्गणना अत्यंत संवेदनशील कार्य है। प्रत्येक मतदाता का सम्मान रखते हुए बीएलओ को घर-घर जाकर फॉर्म भरना चाहिए और एपिक नंबर की फोटो कॉपी हर मतदाता को उपलब्ध कराना चाहिए। वार्ड 14 के नागरिकों ने इस अव्यवस्था पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर, सिरोंज एसडीएम तथा संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि सिरोंज नगर के प्रत्येक वार्ड में बीएलओ को घर-घर संपर्क करना अनिवार्य किया जाए। फॉर्म भरने की पूर्ण प्रक्रिया नागरिकों को स्वयं समझाई जाए। एपिक नंबर की जानकारी व दस्तावेज की प्रति भी बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराई जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि पुनर्गणना कार्य ईमानदारी और पारदर्शिता से नहीं किया गया, तो बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम गायब होने जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की गई है। पार्षद प्रतिनिधि श्री तोषमणी पंथी एस.आई.आर में कर रहे है काफी मदद । मतदान केंद्र क्रमांक 156 में पार्षद प्रतिनिधि तोषमणी पंथी कन्ना कर रहे हैं एस.आई.आर में बीएलओ एवं मतदाताओ को काफी मदद कर रहे हैं तोषमणी पंथी अपने वार्ड के प्रतेक नागरिक को नाम वलदियत सहित जानते हैं जिससे वार्ड वासियों को काफी मदद मिल रही है उनका कहना है किं प्त मेरा वार्ड का कार्य सही हो जिससे मतदाताओ को आगे परेशानी ना हो सुपरवाइजर नवल सिंह मालवीय तथा 156 के वीएलओ उमर फारूक एवं सांथ में सिरोंज शहर के आर आई अमित गुप्ता और पटवारी चरणसिंह जी प्रत्येक घर घर जाकर एस आई आर के सर्व करवा रहे है।

वरिष्ठ समाज सेवी शोएब खॉन ने अपने सोषल मीडिया प्लेटफार्म पर अपील की है कि फॉर्म को लेकर लापरवाही फॉर्म को लेकर चन्द लोगों में लापरवाही देखने को मिल रही है, जबकि यह फॉर्म आपकी नागरिकता, वोट और पहचान से जुड़ा हुआ सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है। थोड़ी-सी भी लापरवाही आपके लिए आने वाले समय में बेहद गंभीर और खतरनाक साबित हो सकती है। फॉर्म क्यों जरूरी है? फॉर्म का सीधा संबंध आपकी नागरिकता और मताधिकार से है। फॉर्म की अंतिम सूची जो 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी जिसमें आपका नाम नहीं रहता है, तो आप भारत के मतदाता नहीं माने जाएंगे और आपकी नागरिकता भी खतरे में पड़ सकती है। 9 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली पहली मतदाता सूची की सबसे बड़ी जांच 9 दिसंबर 2025 को प्रारंभिक/ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होगी। अगर इस सूची में आपका नाम नहीं रहता है, तो आपको तुरंत यह प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी। निवेदक- जन चेतना मंच ने कहा कि अपने आसपास के हर मतदाता की फॉर्म भरने में सहायता करें। एसडीएम बोले एसआईआर के मामले को लेकर प्रषासन बहुत गंभीर है मैं प्रतिदिन केन्द्रो का निरीक्षण कर रहा हूं और बराबर जानकारी ले रहा हूं ।

बीएलओ के साथ और टीम भी हमनें बढ़ाई है जिससे जल्दी यह कार्य पूर्ण हो सके । वार्ड नं. 14 की जो षिकायत है उसको लेकर मैं कार्यवाही करते हुए उस वार्ड के प्रत्येक घर में बीएलओ एवं टीम पहुंचेगी एवं वह शीघ्र ही पूर्ण होगा ।

- **हरिशंकर विश्वकर्मा**, एसडीएम सिरोंज

## शुभचिंतकों ने दी शुभकामनाएं दयांशी को बीटेक डिग्री मिली, जैन समाज व आईजा ने किया सम्मान




**सिरोंज** । सिरोंज जैन समाज के वरिष्ठ समाज सेवी जितेन्द्र जैन बब्लू भाई की बेटी दयांषी जैन ने मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय औघौगिक संस्थान भोपाल से बी.टेक. की डिग्री प्राप्त की। इस खुषी को जैन समाज सिरोंज ने अपार हर्ष से आईजा के प्रदेष अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी, जैन पचखनी मंदिर के अध्यक्ष डॉ. राजीव जैन, महामंत्री सौरभ जैन गुलाबगंज ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहॉ है कि आज का दिन हमारे समाज के लिए बहुत ही खास है क्यूॅकि हमारे युवा बेटे एवं बेटियों ने अपनी मेहनत और समपर्ण से सफलता प्राप्त की है । बी.टेक. हमारे समाज के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धी एवं गर्व का विषय है। आप अपने परिवार षिक्षको एवं समाज तथा शहर की उम्मीदों पर खरी उतरी है और हमें यकीन है कि आप आगे भी इसी तरह सफलता प्राप्त करेंगी । आपकी इस उपलब्धी पर जैन समाज एवं आईजा को बड़ा गर्व है । इस मौके पर दयांषी जैन को बधाई दी और उनका सम्मान किया गया ।

## गणित व सांख्यिकी विभाग में प्रो. बालकृष्णन एण्डोमेंट व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

**सागर**। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग में तीन दिवसीय प्रो. आर. बालकृष्णन एण्डोमेंट व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन किया गया। यह व्याख्यान श्रृंखला संयुक्त रूप से प्रो. आर. बालकृष्णन एण्डोमेंट ट्रस्ट और गणित एवं सांख्यिकी विभाग विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित की जा रही है। यह व्याख्यान श्रृंखला प्रत्येक राज्य में किसी एक विभाग का चुनाव कर प्रो. आर. बालकृष्णन एण्डोमेंट ट्रस्ट द्वारा वित्त पोषित की जाती है एवं इस बार गणित एवं साख्यिकी विभाग में इस का आयोजन किया जा रहा है। इस व्याख्यान श्रृंखला का विषय टोपोलॉजिकल डायनेमिकल सिस्टम और उनके अनुप्रयोग है। टोपोलॉजिकल डायनेमिक सिस्टम गणित की एक शाखा है, जिसमें गतिशील प्रणालियों के गुणात्मक और अनंतस्पर्शी गुणों का अध्ययन किया जाता है। यह क्षेत्र सामान्य टोपोलॉजी के दृष्टिकोण से गतिशील प्रणालियों की स्वरूपात्मक विशेषताओं का विश्लेषण करता है। गणित एवं सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा गणितीय एवं भौतिकीय विज्ञान अध्ययनशाला के अधिष्ठाता प्रो. आर. के. गंगेले ने स्वागत भाषण देते हुए सभी सम्माननीय शिक्षकगणों का अभिवादन किया। आमंत्रित वक्ता डॉ. अनीमा नागर, प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली द्वारा व्याख्ययान श्रृंखला के विषय का महत्व सभी छात्र छात्राओं से साझा किया गया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने गणित विषय के महत्व एवं अपने अनुभवों के बारे में बताया। उद्घाटन समारोह में प्रो. अजीत जयसवाल , डॉ. अभिषेक बंसल, प्रो. यू. के. खेडलेकर, डॉ. एस. कुमार, डॉ. आर.के पाण्डेय उपस्थित थे।

## ्राकृतिक खेती पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**सागर**। कलेक्टर सह-अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड के निर्देशानुसार एवं परियोजना संचालक आत्मा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती विषय पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सागर के ग्राम घाटमपुर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनिल राय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सागर रविंद्र सिंह कुशवाहा, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक शैलेष पाण्डेय आदि मौजूद थे।

# शीत के साथ कोहरा और पराली जलाने से निकल रहे धुएं ने बिगाड़ दी सेहत

*पराली जलाने वालों के विरुद्ध नहीं हो रही कोई कार्यवाही*

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र के निवासी शीत के प्रकोप से थर थर कांप रहे हैं। रात और सुबह-सुबह घना कोहरा भी छा रहा है। रात अंधेरा होते ही जिन किसानों द्वारा थ्रेसर से धान निकली गई। उनके द्वारा पराली में आग लगाए जाने से क्षेत्र में कोहरा धुआं छा जाने से लोगों की आंखों में जलन सांस लेने में पानी के साथ फैल रहे प्रदूषण से बीमार हो रहे हैं।

### पराली जलाने पर प्रतिबंध बेअसर

प्रतिवर्ष प्रति सीजन में धान गेहूं की पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाने कार्रवाई की घोषणा जरूर की जाती है। क्षेत्र के ग्रामों में प्रतिदिन रात में पराली में आग लग रही है, जो दूर से भी दिखाई देती है, सुबह जली पराली के ढेर खेतों में आसानी से देखा जा सकता है। पराली जलाकर वातावरण को दूषित करने हवा में जहर घोलने और लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के प्रति प्रभावी कार्यवाही न होने से पराली जलाकर खेतों का कचरा साफ करने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। पराली जलाने पर लगा प्रतिबंध बेअसर नजर आ रहा है। पराली ना जलाने के प्रति किसानों के बीच जागरूकता का अभाव होने वाले नुकसान और वातावरण हवा को दूषित करने वाले किसान क्या प्रभावी कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। पराली जलाने वालों के विरुद्ध कैसे और कौन कार्रवाई करेगा जागरूकता की कमी बनी हुई है। पड़ोसी किसान भी इस बारे में शिकायत करने सामने नहीं आते वही चौकीदार और पटवारी भी पराली जलाने वालों के प्रति मेहरबान ही नजर आ रहे हैं।

## अहिरवार महासभा की सामाजिक जागरुकता बैठक ग्राम मेहर नरयावली विधानसभा में हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नरयावली विधानसभा के ग्राम मेहर में अहिरवार महासभा की बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता कांशीराम अहिरवार ने की । बैठक के मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार एवं खाद्य अधिकारी राकेश अहिरवाल थे। विशिष्ट अतिथि लखन अहिरवार हास्टल अधीक्षक, डाक्टर राजकुमार अहिरवार, शंकर माते,कलू माते थे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार ने कहा कि समाज में फैली नशा की लत को खत्म करने की आवश्यकता है। आज समाज के लोगों को अपने बच्चों को नशामुक्त करना चाहिए व बच्चों को शिक्षा की और ले जाने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी ने समाज के लिए अपने बच्चों को न देखते हुए उन्होंने समाज के उत्थान के लिए पूरा जीवन दे दिया।

# नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

बीते 19 नवंबर को नाबालिग बच्ची के माता-पिता के द्वारा थाना बरेली में रिपोर्ट दर्ज कराई की कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बच्ची को बेहला फुसलाकर घर से ले गया है। बच्ची की उम्र 12 साल 10 माह बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल नाबालिग बच्ची की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस के द्वारा सबसे पहले बच्ची के परिजनों के मोबाइल को खंगाला जिसमें परिजन के मोबाइल पर इंस्टाग्राम से एक युवक की जानकारी पुलिस को लगी।



जानकारी लेने पर सभी ने युवक को पहचानने से इनकार कर दिया। जब युवक के संबंध में बच्ची के मामा परिवार से जब जानकारी ली गई तो बच्ची के मामा ने बताया कि यह युवक 2 साल पहले मेरे साथ पढ़ता था वर्तमान में वह उदयपुरा में निवास करता है पुलिस ने बिना समय गंवाए उपयोग की तलाश जारी की। पता चला कि युवक ग्राम पतई थाना देवरी में निवास करता है।

युवक के निवास पर उसकी मां मिली जिसने बताया कि मेरा बेटा एक लडक़ी को लेकर आया था। वही आरोपी का पिता उदयपुर में निवास करता है जब पिता से जानकारी ली तो वह कुछ भी बताने को तैयार नहीं था लेकिन पुलिस की शक्ति के चलते बताया कि वह उसके मामा साईंखेड़ा गया है, जब पुलिस वहां पहुंची तो पता चला वह इंदौर निकल गया। लेकिन इस दौरान भी पुलिस को शक हुआ तो पुलिस ने और दबाव बनाया तो पिता ने बताया कि दोनों को रायसेन के अशोक नगर कॉलोनी में छोडक़र आया हूं। पुलिस के द्वारा रायसेन से आरोपी युवक को गिरफ्तार और नाबालिग बच्ची को बरामद किया है।

पुलिस के द्वारा आरोपी युवक ओमकार अहिरवार 20 वर्ष के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। नाबालिग बच्ची को महज 15 घंटे में बरामद करने में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, एएसआई रानी चौहान, एएसआई संतोष चौहान, सैनिक राजेश शर्मा की भूमिका रही।

### मंडी का धर्मकांटा बरसों से बंद, तुलाई में परेशानी

# कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रालियों में भारी बिकने आ रही धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में धान की कटाई का कार्य समाप्ति की ओर बाड़ी बरेली क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा मुख्य रूप से बासमती एवं गैर बासमती धान की खेती कर प्रदेश देश का चावल भंडार भरा जा रहा है। प्रतिदिन ढाई 300 ट्रैक्टर ट्रालियों में भरी धान मंडी में आने से स्थान और मंडी कर्मचारियों की कमी अव्यवस्था का कारण बन रही है।

### बरसों से बेबसी बरकरार

क्षेत्र की ए क्लास कृषि उपज मंडी जिसके अंतर्गत बाड़ी तहसील का अधिकांश हिस्सा खरगोन उप मंडी क्षेत्र, बम्होरी और उदयपुरा तहसीलों के ग्रामों से सैकड़ो किसान अपनी उपज लेकर आते हैं।

हजारों क्विंटल धान या अन्य जींस कि हम्मालो द्वारा ही तोल की जाती है, जिसमें समय अधिक लगता है। मंडी में एक धर्म कांटा जरूर बना हुआ है, परंतु धर्म कांटा ठेकेदार द्वारा वर्षों से संचालित नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में मंडी में आने वाला और व्यापारियों द्वारा खरीदा गया संपूर्ण अनाज तोल कांटों के माध्यम से हम्मालो द्वारा तुलाई की जाती

### और बढ़ेगी आवक

धान की मंडी में शुरुआत हुई है, अभी मोटे किस्म की धान की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू नहीं हुई है। विभिन्न परेशानियों के बीच किसानों द्वारा बासमती धान को तैयार कर कृषि उपज मंडी में लाया जा रहा है। स्थानीय और बाहरी व्यापारियों के साथ चावल निर्माता कंपनियों द्वारा बासमती धान की क्वालिटी अनुसार खरीद की जा रही है। किसान अच्छा भाव मिलने की उम्मीद में सीधे चावल मिलो पर भी धान बेचने ले जा रहे हैं।

किसानों को उपज की सुरक्षा तोल के इंतजार में रतजगा भी करना पड़ता है।

# तिथि के अनुसार मनाया आचार्य रजनीश ओशो का जन्म दिवस

### ओशो की जन्म स्थली कुचबाड़ा में मिठाई का वितरण कर मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




क्षेत्र के कुचबाड़ा ग्राम में 22 नवंबर को आचार्यश्री रजनीश जी का तिथि से 95 वां जन्मोत्सव तिथि - द्वितीया (दूज के चांद), शुक्ल पक्ष, मार्ग शीर्ष, विक्रम संवत् 2082 को को उनके अनुयायियों के द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

अंहिसा योग फाउंडेशन समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया। जन्मोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासियों और उनके अनुयायियों की उपस्थिति रही। इस संबंध में समिति के प्रमुख डॉ नवीन जैन योगाचार्य ने बताया आचार्य रजनीश की जन्म भूमि किसी तीर्थ से काम नहीं है। वैसे तो प्रतिवर्ष ओशो का जन्म दिवस उनके अनुयायियों के द्वारा प्रतिवर्ष 11 दिसंबर को बड़े ही हषोल्लास के साथ मनाया जाता है। लेकिन 11 दिसंबर को मनाए जाने वाला जन्म दिवस ओशो का मनाया जाता है, लेकिन उनका जन्म का नाम रजनीश था इसलिए आचार्य रजनीश का जन्मदिन अनुयायियों द्वारा भारतीय परंपरा का अनुसरण करते हुए तिथि अनुसार मनाया है। इस दौरान अहिंसा योग फाउंडेशन समिति से योगाचार्य डॉ नवीन जैन भगवान रजनीश मंदिर हस्तनापुर से स्वामी वित विचार, स्वामी आनंद मोहित इंदौर, डॉ गणेश गुर्जर, उत्सव पटेल, ब्रजेन्द्र सिंह रघुवंशी, कौशलेन्द्र स्वामी, बबलू स्वामी मित्र तीर्थ हरिनारायण सोनी शिवकुमार, शिवचरण रघु, रामगोपाल रघु, राजेश रघु और ग्रामीण मौजूद रहे।

### बच्चों को बचपन में ही दें संस्कार, भक्ति मार्ग पर करें अग्रसर : शास्त्री

**सिलवानी**। मां बिजासन कांच मंदिर परिसर में इस समय श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा की पावन धारा बह रही है। आध्यात्मिक माहौल में आयोजित इस सात दिवसीय कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथामृत का रसपान कर रहे हैं। कथा व्यास अभिषेक शास्त्री अपने गहन ज्ञान, मधुर वाणी और प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से लोगों को जीवन मूल्यों, संस्कार और भक्ति के महत्व से अवगत करा रहे हैं।

कथा के चतुर्थ दिवस पर शास्त्रीजी ने भक्तराज ध्रुव महाराज की कथा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि ध्रुव ने मात्र पांच वर्ष की उम्र में भगवान को पाने का संकल्प लेकर घर-परिवार का मोह त्याग दिया और वन में कठोर तपस्या प्रारंभ की। शास्त्रीजी ने कहा कि ध्रुव ने पहले भोजन का त्याग किया, फिर जल का त्याग किया और अंत में प्राणवायु तक रोक दी।

**खबर संक्षेप**

### सलामतपुर चौराहा पर भूसे से भरा ट्रक पलटा



**सलामतपुर।** सलामतपुर चौराहा रायसेन रोड पर रविवार सुबह करीब 4 बजे राहतगढ़ से इंदौर की ओर जा रहा भूसे से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर मोड़ पर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक मोड़ पर नियंत्रण बिगड़ने के कारण यह दुर्घटना हुई। ट्रक पलटने की आवाज सुनकर मौजूद लोग पहुंचे, जिन्होंने ड्राइवर व क्लीनर को बाहर निकाला। दोनों को मामूली चोटें आईं।

### रविवार को कर्क रेखा पर रही सैलानियों की भीड़

**दीवानगंज।** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 रोड पर दीवानगंज से लगभग तीन किमी दूर पर्यटन स्थल कर्क रेखा पर इन दिनों प्रमुख सेल्फी प्वाइंट बना हुआ है। यहां से निकलने वाला हर व्यक्ति सेल्फी लेना नहीं भूलता।
29 और 30 नवंबर को सांची का मेला लगना है। मेला लगने में अभी 5 दिन बाकी है लेकिन रविवार को कर्क रेखा पर काफी भीड़ सेल्फी लेती हुई नजर आई। रविवार को ज्यादातर लोग कर्क रेखा पर सेल्फी और हलाली डैम पर छुट्टी मनाने आए हुए थे।

## एसआईआर फॉर्म में जानकारी भरने में आ रही परेशानी, पोर्टल का सर्वर बना सिर दर्द

**महिलाओं का डाटा एकत्रित करने में बीएलओ का छूट रहा पसीना, संसाधनों की कमी से बढ़ी दिक्कतें**

**ग्रामीणों में जागरुकता, स्वयं बीएलओ के पास पहुंचकर दस्तावेज दिखाकर दे रहे जानकारी**

# लोगों में जागरुकता की कमी के चलते एसआईआर कार्य की रफ्तार पड़ी धीमी

◆ लोगों में जागरूकता की कमी के चलते एसआईआर कार्य की रफ़्तार धीमी हो गई है। आलम यह है कि बीएलओ को महिलाओं का डाटा एकत्रित करने में पसीना छूट रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में इन दिनों एसआइआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) का कार्य चल रहा है, लेकिन लोगों की जागरुकता में कमी के कारण कार्य रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। इसी के चलते निर्वाचन आयोग ने कार्य पूर्ण करने की तारीख को 30 नवंबर से बढ़ाकर अब 4 दिसंबर तक कर दिया है। इसके फार्म की जानकारी भरने में जहां आमजनों के मन में कई तरह की शंका और सवाल है, तो वहीं जानकारी एकत्रित कर रहे बीएलओ का भी कहीं-कहीं जानकारी जुटाने में पसीना छूट रहा है।

एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुए तीन सप्ताह बीत चुके हैं और अब जैसे-जैसे समय नजदीक आता जा रहा है प्रशासन में हलचल तेज हो गई है। वहीं बीएलओ को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

बड़ी दिलचस्प बात तो यह है कि नगरीय क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में लोग सहयोग करने में शहरों से कहीं आगे नजर आ रहे हैं। जहां शहरों में बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने घरों में बैठकर बीएलओ के आने का इंतजार कर रहे हैं। वही गांव में लोग खुद चलकर बीएलओ को दस्तावेज दिखा कर अपने फार्म भरवा रहे हैं। यही वजह है कि शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में कार्य की गति बेहतर है। जबकि शहरी क्षेत्र में एसआईआर कार्य की गति बेहद धीमी है।

**संसाधनों की कमी से बढ़ी परेशानियां**

*इस सर्वेक्षण में प्रशासनिक तैयारियों की कमी पर भी रोशनी डाली गई है। कई बीएलओ मानते हैं कि इस बार प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं था, जिसके कारण डेटा मिलान और दस्तावेज सत्यापन में बार बार त्रुटियां सामने आ रही हैं। उधर रियल टाइम अपडेट के लिए दिए गए तकनीकी संसाधन भी पर्याप्त नहीं हैं।*



### विवाहित महिलाओं की जानकारी जुटाना मुश्किल

पूरी प्रक्रिया में सबसे बड़ी समस्या विवाहित महिलाओं की पहचान और सत्यापन को लेकर हो रही है। जिनका 2003 तक विवाह नहीं हुआ था। वे अब अलग-अलग घरों और गांव में रहती हैं। जबकि पुराने रिकॉर्ड में उनका मायके के घर वाले पते पर दर्ज है। बीएलओ बताते हैं कि कई महिलाओं के मायकेऔर ससुराल दोनों जगह अलग अलग हैं। उनके उम्र और पते में विसंगति है। बहुत सी महिलाएं दूसरे शहर चली गई है। परंतु रिकॉर्ड अपडेट उसी पुराने पते पर है। ऐसी स्थिति में अब रिकॉर्ड मिलान और आधार लिंकिंग धीमी गति से चल रहा है।

### कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने न्यूनतम प्रगति वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने एसआईआर के कार्यों का जायजा लिया। बीएलओ को प्रगति लाने और शत प्रतिशत कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले में जब से एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई है उसमें कहीं तकनीकी समस्याएं तो कहीं व्यवहारिक कठिनाइयां अमले के साथ मतदाताओं के लिए भी परेशानियां बढ़ा रही हैं। जैसे-जैसे कार्य की गति बढ़ रही है तो बीएलओ एप से कार्य करने में परेशानियां अधिक आ रही हैं। कभी बीएलओ एप पर ओटीपी आने में देरी हो रही है तो कहीं एप अच्छी तरह से कार्य नहीं कर पा रहा है। जिससे अमले को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### जिले में 58.92 प्रतिशत पहुंचा डिजिटलाइजेशन

जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में डिजिटाइजेशन की प्रगति रविवार की शाम तक करीब 58.92 प्रतिशत हो गया है। सांची और भोजपुर विधानसभा में डिजिटाइजेशन 40 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया है, जबकि सिलवानी और बरेली में यह 37 से 42 प्रतिशत के आसपास है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार डिजिटाइजेशन कार्य लगातार जारी है और निर्धारित समय सीमा में इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। डिजिटाइजेशन की ऑनलाइन एंट्री को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### सर्वर की धीमी रफ्तार से कार्य हो रहा प्रभावित

इस बार ऑनलाइन प्रक्रिया बीएलओ की सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। पोर्टल का सर्वर कई बार इतना धीमा हो जाता है कि एक एंट्री अपलोड करने में 25-30 मिनट तक लग जाते हैं। कई बार सर्वर बीच में बंद हो जाने से पूरा दिन बेकार चला जाता है। ऐसी स्थिति में जब फॉर्म वापस आते हैं और दोबारा संशोधन करना पड़ता है, तो काम का बोझ कई गुना बढ़ जाता है। इस सर्वेक्षण ने प्रशासनिक तैयारियों की कमियों पर भी रोशनी डाली है। कई बीएलओ को अब भी पुराने मोबाइल, कमजोर इंटरनेट और सीमित डेटा सपोर्ट के साथ काम करना पड़ रहा है। यह सीधे तौर पर फील्ड की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है।

**प्रकरण दर्ज, चालक मौके से फरार**

## तेज रफ्तार डंपर ने युवक को बुरी तरह रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में वाहनों की रफ़्तार पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है। इस कारण बेकाबू वाहनों से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होना आमसमस्या हो गई है। ऐसा ही लापरवाही एक सड़क एक्सीडेंट का देवनगर मामला सामने आया है।

देवनगर थाना के तहत रविवार दोपहर करीब 3 बजे बाइक लेकर सड़क किनारे खड़े एक तीस वर्षीय युवक को गैरतगंज से देवनगर की तरफ दौड़ रहे लोडिंग डंपर चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाकर रौंद दिया। हादसा इतना हृदयविदारक था कि युवक के पैर खोपड़ी चकनाचूर हो गए। नागरिकों ने मदद कर शव को बोरी भरकर सड़क किनारे रखे।

देवनगर थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया ने बताया कि रविवार को दोपहर खिरका मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय राज कुशवाह पिता धन्नालाल बाइक से देवनगर बाजार जरूरी कार्य से आया था। सड़क किनारे खड़ा युवक राज तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने डंपर जब्त कर ड्राइवर पर केस दर्ज कर लिया है।

## लचर कानून व्यवस्था और पैर पसारता अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

लचर कानून व्यवस्था और बेरोकटोक पैर पसारता अतिक्रमण से गंभीर अवस्था और आमजन में असुरक्षा की भावना पनपने लगी है। असामाजिक तत्व सक्रिय है तो अतिक्रमणकारी शासकीय भूमि पर कब्जे कर रहे हैं।

बीते दिनों नगर के सौंदर्यीकरण के नाम पर मुख्य मार्ग के फुटपाथों पर करोड़ों की लगत से पेवर ब्लॉक लगाए गए। इससे दुकानदारों को अतिक्रमण की और बेहतर सुविधा मिल गई। दुकानदारों ने इन पेवर ब्लॉक लगे फुटपाथों पर दुकान का विक्रय योग सामान फैला रखा हैं, जिससे पैदल राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है।



वहीं वाहनों को क्रॉसिंग में भी दुर्घटना को प्रबल संभावना बढ़ गई है। अतिक्रमण केवल फुटपाथों तक ही तौमित नहीं है, शासकीय अभिलेख में दर्ज शासकीय गोहे, चरनोई को भूमि, गौठान को भूमि तक पर पक्के निर्माण हो चुके है। अतिक्रमणकारी गोहे पर कब्जा कर व्यावसायिक उपयोग कर रहे है। वहीं नगर प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है।

कानून व्यवस्था का यह आलम है कि असामाजिक तत्व बेखोफ गतिविधियां कर रहे है। असामाजिक तत्वों और पुलिस की गठजोड़ से आमजन में असुरक्षा की भावना बढ रही है। महज एक किलोमीटर के दायरे में भी सुचारू यातायात व्यवस्था करने में पुलिस विफल हैं।

सड़कों के किनारे खड़े वाहन यातायात में बाधक बने हुए है। यातायात नियमों की अनदेखा कर अंधी रफ्तार से दौडते वाहन आए दिन दुघर्टना के शिकार हो रहे है। आमजन को बेहतर सुविधा प्रदान करने का दावा और वादा करने वाले स्थानीय कथित जनप्रतिनिधि आमजन को हो रही परेशानी की अनदेखी कर अपने स्वार्थतिध्दि है।

**इनका कहना है**

हमारे द्वारा पहले भी नगर परिषद को निर्देशित किया गया है के अतिक्रमण को हटाया जाए एवं हमारे द्वारा जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाया जाएगा।
**- विक्टर रोड्रिक्स,** तहसीलदार बाड़ी।

**पुलिस ने सुसाइट नोट किया बरामद**

## 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सिलवानी तहसील के अंतर्गत ग्राम इमलिया में 18 वर्षीय युवती सुरभि पिता जगराम कुशवाहा ने अपने ही घरमें फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिजन घर पर मौजूद नहीं थे।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने प्राथमिक जांच के दौरान एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है। थाना प्रभारी पूनम सविता ने बताया कि इस मामले में शव का मर्ग कायम किया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

**मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का लगाया आरोप**

◆ मृतका के पिता, चाचा और चाची ने गांव के ही कुछ लोगों पर युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सुरभि सियरमऊ स्थित स्कूल कक्षा 12वी की छात्रा थी। इस घटना से पूरे ग्राम में सनसनी फैल गई है।

**ग्रामीणों को मिलेगी गंदे पानी से राहत**

## लगभग 8 लाख से अंबाडी में नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

ग्राम पंचायत अंबाडी द्वारा नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है पहले अंबाडी गांव में घरों का सीवेज का गंदा पानी रोड पर बहता था, जिससे आने जाने वाले राहगिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कोई भी वाहन चालक रोड से गुजरता था, तो सीवेज का गंदा पानी पैदल चल रहे व्यक्ति के ऊपर लग जाता था, जिससे हमेशा विवाद की स्थिति बनती रहती थी।

इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत द्वारा गणेश मंदिर से लेकर गौतम देवीराम कुशवाहा के घर तक



लगभग 400 मीटर आरसीसी नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी लागत लगभग 8 लाख रुपए है। नाली निर्माण से काफी हद तक ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि नाली बनने से जलभराव की समस्या खत्म होगी और गंदगी से राहत मिलेगी।

**युवकों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए कराया भर्ती**

## अज्ञात कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर एक युवक की मौके पर ही मौत दो गंभीर

**गुस्साई भीड़ ने सागर भोपाल स्टेट हाइवे पर किया चक्काजाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार की रात लगभग साढ़े 8 बजे अमरावद डैम की घाटी पर 3 युवक बाइक पर सवार होकर ऊँटिया बरेली से रायसेन की तरफ आ रहे थे। तभी रायसेन से देवनगर की तरफ जा रही अंधी रफ्तार कार के चालक ने स्टेयरिंग से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी।



जिससे बनखेड़ी निवासी अमित अहिरवार नामक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राहुल अहिरवार पिता लखनलाल उम्र 21 निवासी ऊंटिया खुर्द बरेली हैदरगढ़ निवासी मनीष पिता ओमप्रकाश अहिरवार उम्र 22 वर्ष पुलिस द्वारा गंभीर रूप से घायल होना बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि दुर्घटना में एक युवक कार के नीचे फंसा रहा। मारपीट के डर से कार चालक मौके से भाग रहा था, कुछ लोगों ने पीछा कर नरवर ढाबा तक पकड़ लिया। तभी कार से घायल नीचे गिर गया। घायल को लोगों की मदद से वाहनों से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। सड़क दुर्घटना के बाद बनखेड़ी के समीप सागर मार्ग पर गुस्साई भीड़ ने चक्काजाम कर दिया।

## 3 साल से अवैध शराब के मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार, कोर्ट में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना पुलिस को एक ऐसे फरार स्थाई वारंटी को पकड़ने में सफलता मिली है जो 3 साल से अवैध शराब सप्लाई करने के मामले में फरार चल रहा था। फरार स्थाई वारंटी को मुखबिर की सूचना पर बड़ौदा गांव से घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि एसपी पंकज पांडे के दिशा निर्देशन में फरार वारंटियों को पकड़ने का अभियान जोरों पर चल रहा है। इसी कड़ी में एक 2016 के मामले में 2022 तीन साल से फरार स्थाई वारंटी दीपक लोधी पिता सुंदरलाल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बड़ौदा की मुखबिर से सूचना मिली कि वह गांव आया हुआ है।

प्रधान आरक्षक गणेशराम रघुवंशी, सुरेश बघेल, आरक्षक राहुल रघुवंशी और कुलदीप दांगी वारंटी को पकड़ने के लिए बड़ौदा गांव भेजा। फरार वारंटी दीपक



को पुलिस के आने की भनक लग गई। वो भागने की ही फिराक में था। लेकिन पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल कर ली। जिसे कोर्ट में पेश किाय।

पुलिस द्वारा स्थाई फरार वारंटियों की धरपकड और गुंडा, बदमाश सहित अपराधिक लोगों की निगरानी हेतु रात्रि गश्त की जा रही है। वहीं रात्रि में होटल, ढाबा, अस्पताल, एटीएम चेक किए।

## सूखी पड़ी नहरें, पलेवा के लिए पानी न मिलने से किसानों में पनप रहा रोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कई गांवों के किसानों के खेत तक नहर का पानी एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नहीं पहुंच पाया है। जिससे किसान काफी चिंतित नजर आ रहा है। जबकि 15 नवंबर को रायसेन जिले के लिए नहर में पानी छोड़ना प्रारंभ कर दिया था 15 नवंबर से लेकर आज तक अंबाडी, मुस्काबाद सहित कई गांवों में अभी तक नहर का पानी नहीं पहुंच पाया है।

क्षेत्र में सिंचाई के लिए खोली गई नहर को आज एक सप्ताह पूरा हो गया है, लेकिन इसके बावजूद कई गांवों के किसानों के खेत अब भी सूखे पड़े हैं। किसानों का कहना है कि नहर खोलने की सूचना तो दे दी गई, लेकिन पानी आगे के हिस्सों तक नहीं पहुंच पाया।

स्थानीय किसानों ने बताया कि नहर के कुछ हिस्सों में सिल्ट जमा होने के कारण पानी का प्रवाह रुक जाता है, वहीं कुछ स्थानों पर नहर की मरम्मत अधूरी होने से भी पानी रिसकर खत्म हो जाता है। इसका सीधा असर रबी फसल की तैयारी पर पड़ रहा है। किसानों ने विभाग से जल्द सफाई और मरम्मत कराकर पानी की सप्लाई सुचारू रूप से बहाल करने की मांग की है।

**दुष्कर्म के आरोपी की तलाश में जुटी हैं पुलिस की दस टीमें**

## दुष्कर्म से पीड़ित बालिका के स्वास्थ्य में सुधार

**बाल कल्याण समिति रायसेन ने एम्स पहुंचकर ली पीड़िता के स्वास्थ्य की जानकारी**

**आरोपी की तलाश में पुलिस द्वारा ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की भी ली जा रही है मदद**

*मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना से लोगों में रोष, नगर बंद का किया आव्हान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के थाना गौहरगंज के तहत पांजरा में हुए छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की मानवता को शर्मसार करने वाली घटना के बाद प्रदेश की डॉ मोहन सरकार भी आरोपी के खिलाफ कड़े एक्शन के मूड में है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा पीड़ित 6 वर्षीय बालिका के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए नियमित जानकारी ली जा रही है। उक्त



बालिका को दुष्कर्म के बाद एम्स हॉस्पिटल भोपाल में भर्ती कराया गया था। बच्ची के स्वास्थ्य में अब लगातार सुधार हो रहा है। वह आईसीयू से बाहर आ गई है। डॉक्टरों द्वारा बच्ची के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिले के डॉक्टरों की टीम भी एम्स अस्पताल भोपाल में उपस्थित है। इस जघन्य अपराध के आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए एसपी पंकज कुमार पाण्डे गौहरगंज में ही डेरा डाले हुए हैं। एसपी श्री पाण्डे ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की 10 टीमों द्वारा मंडीदीप, भोपाल, सीहोर सहित अन्य संभावित जगहों पर लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद भी ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि आरोपी के परिजनों तथा परिचितों से भी पूछताछ जारी है। आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। रविवार को दोपहर बाद बाल कल्याण समिति रायसेन के अध्यक्ष आदित्य चावला, सदस्य ममता पटेल एवं रितु शर्मा ने एम्स हॉस्पिटल भोपाल पहुंचकर बच्ची के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### नगर बंद का किया आव्हान

मासूम बालिका के साथ हुई दुष्कर्म की घटना से पूरे जिले भर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में आज सोमवार को समस्त नागरिकों एवं संगठनों ने नगर बंद का आव्हान किया है। दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान बंद रख सहयोग की अपील की है।